


## एक नजर में

### माकड़ोन में नवरात्र महोत्सव की धूम, प्रशासन अलर्ट मोड पर

**माकड़ोन। शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर नगर में इस समय भक्ति और उत्साह का विशेष माहौल है। माता रानी के दरबार को सजाने-संवारने से लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा तक हर मोर्चे पर शासन-प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। नगर परिषद भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आत्मीय कर्मनिष्ठा से व्यवस्थाओं में जुटी हुई है।**

नगर के सुभाष चौक और सूनी मंदिर नवरात्र पर्व के केंद्र बने हुए हैं। यहां प्रतिदिन माता रानी की आरती, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और बालिकाओं द्वारा पारंपरिक गरबा नृत्य का आयोजन किया जाता है। बालिकाएं रंग-बिरंगे परिधानों में गरबा खेलती हैं, तो पूरा वातावरण देवी भक्ति और आनंद से गूंज उठता है। प्रत्येक दिन नए-नए आयोजन हो रहे हैं, जिसमें नगर के नागरिक, व्यापारी, महिलाएं और युवा उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रमों की सफलता में सेशन प्रशासन, पुलिस विभाग, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और समिति के सदस्य मिलकर अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं।

नगर परिषद ने भी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। परिषद द्वारा पंडालों और मंदिर परिसर की साफ-सफाई, बिजली-पानी की आपूर्ति, मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था और यातायात नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई है। नवरात्र पर्व को भव्य और व्यवस्थित बनाने में नगर परिषद के कर्मी आत्मीय भाव से काम कर रहे हैं। सुबह से देर रात तक सफाईकर्मी, जल विभाग और तकनीकी स्टाफ पूरी लगन के साथ ड्यूटी निभा रहे हैं। उनका यही आत्मीय कर्मनिष्ठ प्रयास है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर का वातावरण इन दिनों माता रानी के जयकारों और गरबे की धुनों से सराबोर है।

श्रद्धालु भक्तिभाव से मां दुर्गा के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना और दर्शन कर रहे हैं। पूरा नगर नवरात्र महोत्सव को बड़े उत्सव के रूप में मना रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अधिकारियों मुख्य मार्ग पंडाल में जाने वाले रास्ते चौड़े करें ताकि आने जाने वाले को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े दुकानदार अपनी दुकान के सामने से अपना सामान हटाए सख्त हिदायत सीएमओ अतिक्रमण पर कार्य करें अतिक्रमणकारियों मनमानी कर रहे हैं।

### शिक्षक ललित ओम सोलंकी सम्मानित



**महिदपुर।** महिदपुर जनशिक्षा केन्द्र नारायणा के शिक्षक ललित ओम् सोलंकी का उज्जैन में गुरू गौरव 2025 से सम्मानित होने पर शा. प्रा. वि. कढ़ाई के शिक्षक ललित ओम् सोलंकी का जन शिक्षा केन्द्र नारायणा पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षा केन्द्र नारायणा प्रभारी ओमप्रकाश पाठक, पूर्व जनशिक्षक अमृतलाल राठौर, शा. मा. वि. नारायणा के प्रधानअध्यापक बाबूलाल आसोडिया एवं समस्त शिक्षक साथी उपस्थित थे।

### विनम्र श्रद्धांजलि ओम शांति ओम



**माकड़ोन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अखिल भारतीय ग्राम विकास सह-संयोजक शंभू प्रसाद गिरी की पूजनीय माताजी सीताबाई गिरी गोस्वामी के दु:खद निधन पर उनके निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की व उनके परिवारजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में संबल प्रदान करें।

### अग्रसेन जयंती महोत्सव में अग्रवाल जेसिस ने की नारायण सेवा



**उज्जैन। श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेनजी की जयंती के अवसर पर श्री अग्रवाल जेसिस ने अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत नारायण सेवा का कार्य किया। अग्रवाल जैसीस के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, सचिव मोहित अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मोहन नगर चौराहे पर अंबे माता मंदिर पर नारायण सेवा का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर माता रानी का सोलह श्रृंगार कर मंदिर को सजाया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल पंचायत न्यास के अध्यक्ष निमेश अग्रवाल, न्यास के पूर्व अध्यक्ष एवं ट्रस्टी विजय अग्रवाल, प्रकाश हरभजनका, पूर्व ट्रस्टी जगदीश चंद्र गोयल, अजीत मंगलम, दीपक मित्तल, अनिल गर्ग, जयकिशन अग्रवाल, संजय अग्रवाल सीए, मधुर गर्ग, निहारिका गर्ग, शेलेंद्र मित्तल इस्कॉन, राजेश गुप्ता, संदीप अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आयुष अग्रवाल, महेश अग्रवाल, अजय गर्ग, राजेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र गुप्ता, शुभम गुप्ता, अनिल मोहित गर्ग, राजेश अग्रवाल, संदीप बिंदल, तरुण अग्रवाल, रमेश शाह, श्लोक अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, आयुष चौधरी, कविता अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, शकुंतला अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, महिला जैसीस अध्यक्ष संध्या अग्रवाल, सचिव प्रिया मित्तल, रेखा गुप्ता, टीना अग्रवाल, निकिता गर्ग, प्रोफेसर कविता मंगलम, उषा गोयल, प्रिया अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, शारदा सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल बंधु उपस्थित हुए। आभार प्रतीक अग्रवाल ने माना।

## अधिकारियों के भ्रष्टाचार के खिलाफ शिवसेना गोरक्षा न्यास का धरना आज

**उज्जैन। मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास के संस्थापक व अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान के नेतृत्व में आज 15 सितंबर को हिंदूवादी संगठन मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास द्वारा एसडीएम कार्यालय तराना में दोपहर 1 बजे विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें उज्जैन के आरटीओ संतोष मालवीय और तराना क्षेत्र के हल्का नंबर 13 के पटवारी मनोहर पाटीदार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।**

मनीषसिंह चौहान ने आरोप लगाया कि उज्जैन आरटीओ संतोष मालवीय के द्वारा हजारों बस व वाहनों का गलत तरीके से रजिस्ट्रेशन कर दिया गया है। दिल्ली से आने वाली बस पर आंध्र प्रदेश की फर्जी एनओसी लगाकर नाम चढ़ा। जबकि आंध्र प्रदेश में उन वाहनों का कोई भी पंजीयन नहीं है और एनओसी पूरी तरह से फर्जी है। 2010 की गाड़ी को 2015 की बना दी गई, जो गाड़ी 2018 की थी उनको 2023 की कर दी गई। ऐसी हजारों बस, ट्रक, मैजिक व अन्य वाहन भी है।

1 सितंबर को उज्जैन आरटीओ ने जिन गाड़ी का फाइनेंस नहीं था उन गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिया गया और जो बस जिनके ऊपर बैंक द्वारा लोन लिया गया था उनके रजिस्ट्रेशन लॉक कर दिए गए।

करोड़ों रुपए कमाने वाले आरटीओ के विरुद्ध प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, केंद्रीय परिवहन मंत्री, मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, परिवहन विभाग के मुख्य सचिव व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को ईमेल के माध्यम से भी ज्ञापन दिया जाएगा तथा मांग की जाएगी कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर तत्काल प्रभाव से अपराधी मामला पंजीकृत कर जेल भेजना चाहिए।

मनीषसिंह चौहान ने आरोप लगाया कि ऐसे महाभ्रष्ट अधिकारी की गलती से उज्जैन आरटीओ के दलाल राजस्थान से चेचिस नंबर बदलने की मशीन लेकर आरटीओ में आए हैं। रोजाना सैकड़ो गाड़ियों का चेचिस बदलकर फर्जी आंध्र प्रदेश की फर्जी एनओसी के वाहनों का पंजीयन कर दिया और 15 से 20 साल आगे बढ़ाकर कागज बना दिया गया।

उन वाहनों पर बैंकों ने बड़ा लोन भी दे दिया वाहन मालिक को। इस पूरे घटनाक्रम में शासन को राजस्व की हानि पहुंची है, गाड़ी कंपनियों को हानि पहुंची है, बैंकों ने गाड़ियों पर लाखों रुपए लोन दे दिया है।

आरटीओ ने वाहनों के पंजीयन निरस्त कर दिया है, लोन की गाड़ियों के, रजिस्ट्रेशन को लॉक कर दिया है।

आरटीओ के दलालों की गलती से वाहन मालिक भी संकट में आ गए हैं। ऐसे आरटीओ और ऐसे दलालों के विरुद्ध जल्द से जल्द अपराधी मामला पंजीकृत होना चाहिए। इसी प्रकार हल्का नंबर 13 के पटवारी भ्रष्टाचार में लिप्त है। विधवा महिला को परेशान कर रखा है।

एसडीएम के आदेश मानते नहीं है दूसरे पक्ष से लाखों रुपए लेकर उनको सपोर्ट करते हैं। पटवारी को बर्खास्त करने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया जाएगा और उज्जैन आरटीओ संतोष मालवीय के विरुद्ध मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## किरण शर्मा भारतीय स्त्री शक्ति संगठन राष्ट्रीय की महामंत्री नियुक्त



**उज्जैन। भुवनेश्वर, ओड़िशा में आयोजित भारतीय स्त्री शक्ति संगठन की साधारण सभा में शारदा समूह की संचालिका किरण शर्मा को संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री निर्वाचित किया गया।**

किरण शर्मा वर्ष 2012 से भारतीय स्त्री शक्ति संगठन से जुड़ी हुई हैं। संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने 2018 में मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला। लगातार 6 वर्षों तक प्रदेश अध्यक्ष के पद पर रहते हुए अपने समर्पित नेतृत्व व सक्रिय योगदान से उन्होंने संगठन को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया। अब उन्हें भारतीय स्त्री शक्ति संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

गौरतलब है कि भारतीय स्त्री शक्ति संगठन की स्थापना 1986 में निर्मला बाल आप्टे द्वारा की गई थी। राष्ट्रीय महामंत्री पद पर पूर्व में मनीषा कोठेकर, नयना विनय सहस्त्रबुद्धे, वर्षा विनोद तावड़े और जयश्री वी. मुरलीधरन जैसी प्रतिष्ठित महिलाएँ कार्य कर चुकी हैं। किरण शर्मा को इस निर्वाचन से पुनः राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली है।




## पुलिस कप्तान पहुंचे महिदपुर थाने पर जांची व्यवस्थाएं

**महिदपुर।** जिले में पुलिस लगातार अपराधियों को पकडने और तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचा रही है। इसके साथ ही बाइक चोरी और घरों में हो रही चोरियों का भी खुलासा किया जा रहा है। इसके साथ बिना दस्तावेजों के वाहन चलाने वालों पर भी पुलिस शिकंजा कस रही है। इसके साथ नाबालिग वाहनों चालकों को समझाइश देकर अगर दोबारा वाहन चलाते पकड़े गए तो परिजनों पर कार्रवाई को लेकर भी समझाया जा रहा है। वहीं पुलिस अधिकारी सक्रिय रहें और अपराधों को रोकने के लिए जागरूक रहें इसको लेकर पुलिस कप्तान सतत निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने महिदपुर थाने का निरीक्षण कर आवास को भी देखा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि यह एक सामान्य निरीक्षण था। जिसमें थाने में दस्तावेजों के रखरखाव और साफ सफाई की व्यवस्था देखी गई। इसके साथ ही आवास में हो रही समस्याओं को लेकर दो ब्लॉक बनाए जाने के लिए प्रस्ताव भेजे जाएंगे। इसके साथ पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना गया।

## इलाज करने वाले चिकित्सक पर हमला-गैरकानूनी व निंदनीय कृत्य

**नागदा। सुबह नागदा के श्रीजी हॉस्पिटल में उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया जब एक मरीज के परिजन द्वारा वरिष्ठ चिकित्सक पर हमला किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी लोकेंद्र रघुवंशी ने वरिष्ठ डॉक्टर अनिल दुबे पर अचानक हमला कर दिया, उन्हें थप्पड़ मारा, उनकी शर्ट फाड़ दी तथा अस्पताल स्टाफ के अन्य सदस्यों के साथ भी अभद्र व्यवहार और मारपीट की। साथ ही, जान से मारने की धमकियां भी दी गईं, जिससे अस्पताल परिसर में भय और तनाव का वातावरण उत्पन्न हो गया।**



### डायल 112 की त्वरित कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण पाया। आरोपी को हिरासत में लेकर भीड़ से अस्पताल स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित की गई तथा पूरे परिसर में शांति व्यवस्था बहाल की गई।

### चिकित्सक की प्रतिक्रिया

डॉ. अनिल दुबे ने कहा—यदि उस समय डायल 112 की टीम समय पर नहीं पहुंचती तो कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी।

### कानूनी कार्रवाई

थाना नागदा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना प्रारंभ कर दी है। घटना का पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है, जिसमें आरोपी द्वारा हमला करते हुए और डायल 112 की टीम द्वारा उसे नियंत्रित करते हुए स्पष्ट देखा जा सकता है। मरीजों का इलाज करने वाले चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों पर हाथ उठाना या अभद्र व्यवहार करना गंभीर गैरजमानती अपराध है। समाज में शांति बनाए रखने हेतु अपील की जाती है कि किसी भी परिस्थिति में चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी के साथ मारपीट/गाली-गलौज न करें। असहमति या विवाद की स्थिति में कानूनी प्रक्रिया का पालन करें।

गौरतलब है कि दुबे सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष लायंस क्लब सदस्य तथा मेडिकल एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य, एवं वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक है। इस घटना क्रम से समस्त ब्राह्मण समाज सदस्य मेडिकल एसोसिएशन एवं नगर वासियो में आक्रोश व्याप्त है।

घटना के विरोध में ब्राह्मण समाज जन पुलिस थाने पर एकत्रित हुए तथा आए दिन इस तरह की घटनाएं शहर में घटित हो रही है जिससे नगर वासी व्यापारी शिक्षक चिकित्सा आदि आशाए एवं असुरक्षित महसूस करते हैं इसलिए इस तरह के घटनाक्रम का न्याय पूर्ण कार्रवाई कर प्रशासन को नगर में शांति बनाने का प्रयास करना चाहिए। नगर के ब्राह्मण समाज द्वारा न्याय पूर्ण कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

क्योंकि इस तरह की घटनाओं पर कार्रवाई नहीं होने से हमलावरों के हौसले और बुलंद होते हैं तथा सामाजिक तत्व एवं घटनाओं को बढ़ावा मिलता है। जानकारी निलेश मेहता ने दी।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने के बाद वरिष्ठ नेताओं के घर घर जाकर सम्मान



**महिदपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ के निर्देशानुसार भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पंकज यादव ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व मीसाबंदी कांतिलाल राठी, बाबूलाल परमार, मनोहर लाल सोनी, अरुण चौधरी का घर घर जाकर पुष्पमाला पहनाकर भाजपा का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया।

पंकज यादव ने बताया कि सबसे पहले हमारे वरिष्ठ नेताओं जिन्होंने जनसंघ के समय से पार्टी को अपने खून पसीने से सींचा हे उनका सम्मान पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान हे और इन सभी मार्गदर्शकों के सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आएगी और उन्होंने युवाओं को भी संदेश देने का काम किया हे जिस प्रकार वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के प्रति समर्पित रहकर दशकों से संगठन का कार्य किया उसी प्रकार पार्टी संगठन के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने की आवश्यकता है।

तत्पश्चात वरिष्ठ नेताओं व मीसाबंदी ने भी भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव का शाल श्रीफल पुष्पमाला ओर मिठाई खिला कर सम्मान किया। पार्टी में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है इस अवसर पर दिनेश ग्रोवर ,कमल राठी, लोकेश व्यास, सोनू योगी, आकाश यादव ,एडवोकेट गौरव दशोरा, उत्तम प्रजापत, मोहित यादव ,सुमित राणा ,रवि यादव, नीरज बैरागी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। जानकारी एडवोकेट गौरव दशोरा ने दी।

## 14 गायकों ने फ़िल्मी गीतों को गाकर आनंदित किया

**उज्जैन। कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में एलआईसी की संस्था जीवन संगीत के गीत - संगीत आयोजन में गायकों ने अपनी फ़िल्मी गीतों से श्रोताओं को आनंदित किया और खूब तालियां पाई।**




आयोजन के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध फिल्म समीक्षक शशांक दुबे ने कार्यक्रम के शीर्षक 'जीवन के रंग, गीतों के संग' को उपयुक्त बताते हुए कहा कि शादी ब्याह, होली, दिवाली, जन्मदिन, पिकनिक, पार्टी जैसे हमारे लोकजीवन के हर प्रसंग में गीत गाए गुनगुनाए जाते हैं। आपने यह भी कहा कि गीत सुनना किसी भी व्यक्ति के लिए सबसे कम अवधि का निवेश है, क्योंकि इसमें इधर समय का 'निवेश' होता है, उधर आनंद के रूप में तत्काल 'रिटर्न' मिलता जाता है।

कार्यक्रम अतिथि शाखा प्रबंधक राजेश शर्मा, परसराम मिश्रा, बी एल मूंदड़ा, डॉ. हरीशकुमार सिंह ने भी संबोधित किया। अतिथि के रूप में प्रकाश चित्तोडा और बालीवुड गायक सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। संस्था परिचय शैलेश लेले और अतिथि स्वागत संस्था के अध्यक्ष अनिल कुरेल, रतन रायकवार, अमित मिश्रा, सुभाष पाठक, सुनील जैन, बीडी बैरागी, बी.के खंडेलवाल, गजानंद आदि ने किया। अतिथियों ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप आलोकन कर शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम में गायक विनय गुप्ता ने 'जिन्हें हम भूलना चाहे वो अक्सर याद आते हैं', गायक विश्वनाथ शिंदे ने जो तुमको हो पसंद वही बात करेंगे, सुरेन्द्र मालवीय ने 'चलो एक बार फिर से अजनबी बन जाएं, गायक 'विजय जोशी ने आंखों की गुस्ताखियां, प्रशांत सोहेल ने अब तेरे बिन जी लेंगे हम' गाकर खूब प्रशंसा पाई। युगल गायन में प्रकाश बांगर-पूर्णिमा नाटाणी, भालचंद कुलकर्णी-भारती कुलकर्णी, प्रशांत सोहले-पूर्णिमा आदि ने अपनी गायकी से रोमांचित किया।

ख्यात संगीतकार योगेश यादव ने लोकप्रिय गीत जो बात तुझ में है तेरी तस्वीर में नहीं, अपनी श्रेष्ठ प्रस्तुति दी। गायक विजय जोशी, रवि चौबे, सुरेन्द्र शर्मा, सुधीर रावल, राजेश शर्मा, विनोद मातवनकर, राजेश रामी ने भी शानदार गायन से प्रशंसा पाई। आयोजन में समाजसेवी रवि गुप्ता, मुकेश जोशी, बी.एल. जैन, सुभाष खटोड़, इक़बाल हुसैन आदि उपस्थित रहे। संचालन मनोज सुराना ने किया और आभार विजय जोशी ने व्यक्त किया।

**धर्म-आस्था** | पांडाल छोटा पड़ा, घर की छतों पर, पेड़ पर चढ़कर भक्तों ने लिया भजन संध्या का आनंद

## माँ अहिल्या की नगरी में गूंजे सांवरिया सेठ के जयकारे

**उज्जैन।** माँ अहिल्या की नगरी तराना में सांवरिया सेठ के जयकारे गूंज उठे। जिला पंचायत सदस्य मुकेश परमार द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक भजन संध्या में करीब 20 हजार भक्त शामिल हुए। पांडाल खचाखच भर गया, जगह कम पड़ी तो मकान की छत पर, पेड़ पर चढ़कर भी चढ़ लोगों ने भजनों का आनंद लिया।

सांवरिया सेठ की भक्ति और श्रद्धा के इस अनुपम संगम में हर कोई डूबा हुआ दिखा। तराना में बस स्टैंड स्थित मंगलनाथ मंदिर प्रांगण में शाम से प्रारंभ हुई भजन संध्या देर रात तक चली। जिसमें भक्ति संगीत जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले भजन गायक गोकुल शर्मा ने अपनी मधुर, भावपूर्ण और आत्मा को छू लेने वाले सांवरिया सेठ के भजनों से श्रोताओं को भक्तिरस में डुबो कर रख दिया। उनकी विशेष प्रस्तुति में अद्भुत भजनों की श्रृंखला ने भक्तों को बांधे रखा। भक्तजन आनंद और शांति के साथ भजन संध्या का आनंद लेते रहे। भजन संध्या में संगीत के साथ भक्ति, आस्था और समाजिक एकता का अद्वितीय संगम भी देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भजन की मधुर ध्वनि, रोशनी की जगमगाहट और श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के आयोजक मुकेश परमार ने तराना में हुए इस ऐतिहाकस आयोजन को सफल बनाने हेतु धर्मप्रेमी बंधुओं, भजन रसिकों का आभार व्यक्त किया।



